Halifax
Regional Centre for Education

At-Home Reading Program

Children need plenty of opportunities to read and be exposed to books in both English and your home language. Spending time reading with your child, both you reading to your child or your child reading to you, is important to your child's reading progress. This Take Home Reading Program will help you provide those opportunities for your child and help them grow as a reader.

Throughout the week, your child will bring home a book(s) to read. It should not take too long for your child to read the book to you, and they could even read it multiple times. They will gain confidence each time they read their book(s). Talk to your child about the book in your home language.

There may be a reading journal that your child brings home with their book(s). The reading journal provides space for you to write the date, title of the book, and comments. You can comment on if the book is too easy or too difficult or if your child enjoyed the book. This information you share in the comment section is very valuable. At the end of the week, the book(s) and journal will be collected and the teacher will read through your comments. These comments will help determine the book(s) for the upcoming week. You know your child best, so your insight is very important to the teacher.

Please know that the most important outcome of this Take Home Reading Program is for your child to love reading. If your child is struggling, frustrated, or even just too tired to read the book one night, it is okay to take a night off. Instead, you could read the book to your child or choose a different book to read to them. Reading to your child is just as important as them reading to you. There is nothing better than enjoying a story together, especially in your home language!

एट-होम रीडिंग प्रोग्राम

बच्चों को अंग्रेज़ी और आपकी घरेलू भाषा, इन दोनों में पढ़ने और पुस्तकों के संपर्क में आने के बहुत सारे अवसर चाहिए होते हैं। अपने बच्चे/अपनी बच्ची के साथ पढ़ने में समय बिताना उसकी पढ़ने की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें आपके द्वारा अपने बच्चे/अपनी बच्ची को पढ़कर सुनाना या उसके द्वारा आपको पढ़कर सुनाया जाना - ये दोनों बातें शामिल हैं। यह टेक-होम रीडिंग प्रोग्राम आपको अपने बच्चे/अपनी बच्ची के लिए इन अवसरों को उपलब्ध कराने में सहायता देगा और उसे एक पाठक के रूप में विकसित हो पाने में समर्थित करेगा।

पूरे सप्ताह-भर आपका बच्चा/आपकी बच्ची पढ़ने के लिए एक पुस्तक घर लाएगा/लाएगी। आपके बच्चे/आपकी बच्ची को यह पुस्तक आपको पढ़कर सुनाने में बहुत समय नहीं लगना चाहिए, और वह इसे कई बार भी पढ़ सकता/सकती है। हरेक बार अपनी पुस्तक(कों) को पढ़ते समय उसे आत्मविश्वास मिलेगा। अपने बच्चे/अपनी बच्ची के साथ अपनी घरेलू भाषा में पुस्तक के बारे में बात करें।

आपका बच्चा/आपकी बच्ची अपनी पुस्तक(कों) के साथ एक रीडिंग जर्नल घर पर ला सकता/सकती है लाता है। रीडिंग जर्नल में आपको तिथि, पुस्तक का शीर्षक और टिप्पणियां लिखने के लिए जगह मिलेगी। आप इस बारे में टिप्पणी कर सकते/सकती हैं कि क्या वह पुस्तक बहुत आसान या बहुत कठिन है या क्या आपके बच्चे/आपकी बच्ची को इस पुस्तक में मजा आया है। यह जानकारी, जिसे आप टिप्पणी अनुभाग में साझा करते/ती हैं, बहुत मूल्यवान होती है। सप्ताह के अंत में पुस्तक(कों) और जर्नल को एकत्र किया जाएगा और शिक्षक आपकी टिप्पणियाँ पढ़ेंगे। ये टिप्पणियाँ अगले सप्ताह के लिए पुस्तक(कें) तय करने में मदद करेंगी। अपने बच्चे/अपनी बच्ची को आप ही सबसे अच्छी तरह से जानते/जानती हैं, इसलिए आपकी अंतर्दृष्टि शिक्षक के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

कृपया इस बात से अवगत रहें कि इस टेक होम रीडिंग प्रोग्राम का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम यह है कि आपके बच्चे/आपकी बच्ची को पढ़ना पसंद आए। यदि आपका बच्चा/आपकी बच्ची संघर्ष कर रहा/रही है, निराश है, या यहां तक कि किसी रात पुस्तक को पढ़ने के लिए बहुत थका हुआ/थकी हुई है, तो उस रात अवकाश लेना ठीक है। उसके बजाय आप अपने बच्चे/अपनी बच्ची को पुस्तक पढ़कर सुना सकते/सकती हैं या उसके पढ़ने के लिए कोई अन्य पुस्तक चुन सकते/सकती हैं। अपने बच्चे/अपनी बच्ची को पढ़कर सुनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है जितना कि वह आपको पढ़कर सुनाए। साथ-मिलकर कहानी का आनंद लेने से बेहतर कुछ भी नहीं होता है, विशेषकर आपकी घरेलू भाषा में!

Sample School Logo

English &<target Language>, Date